निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

3 आषाढ़ 1941 (श0)

(सं0 पटना 720) पटना, सोमवार, 24 जून 2019

सं० 03 / नमामि गंगे -06-08/2019–1426 / न0वि0एवंआ0पि0
नगर विकास एवं आवास विभाग

संकल्प
6 जून 2019

विषयः भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत 100% अनुमानित लागत कुल रू० 48.6583 करोड़ रूपये (अड़तालिस करोड़ पैंसठ लाख तेरासी हजार रू० मात्र) के व्यय पर फुलवारीशरीफ शहर में Interception & Diversion एवं STP परियोजना के निर्माण हेतु जिसमें केन्द्रांश के रूप में स्वीकृत राशि 46.25 करोड़ रूपये (छियालीस करोड़ पचीस लाख रू० मात्र) पर सहमति तथा इस योजना में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन एजेन्सी को भुगतान हेतु सेंटेज की राशि कुल 2.4083 करोड़ रू० (दो करोड़ चालिस लाख तेरासी हजार रू० मात्र) के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति।

1. पटना जिला क्षेत्राधीन फुलवारीशरीफ शहर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी घरों / प्रतिष्ठानों को सिवरेज प्रणाली से जोड़ा जाना है। फुलवारीशरीफ शहर एक प्राचीन शहर है। भूमि की उपलब्धता के आधार पर Interception & Diversion एवं STP का डी0पी0आर0 तैयार कर NMCG भारत सरकार की स्वीकृति हेतु भेजा गया था, जिसे NMCG द्वारा पत्रांक–Pr-12014/14/2018/Project Development (Bihar & Jharkhand), दिनांक–08.02.2019 को योजना के क्रियान्वयन के प्रस्ताव पर राशि 46.25 करोड़ रूपये (छियालीस करोड़ पचीस लाख रू० मात्र) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस योजना अन्तर्गत सिवरेज प्रणाली के माध्यम से आवासीय तथा अन्य प्रतिष्ठानों से निकलने वाले Sewage को नाला के जरिये Sewage Treatment Plant तक पहुँचाया जायेगा। सिवेज को ट्रीटमेंट उपरान्त प्रवाह किया जाएगा, ताकि गंगा में होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। योजना की अनुमानित लागत (सेन्टेज सहित) रू० 48.6583 करोड़ रूपये (अड़तालिस करोड़ पैंसठ लाख तेरासी हजार रू० मात्र) है। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु बुडको को कार्यकारी एजेन्सी नामित किया गया है।

उक्त परियोजना का **Major Item wise quantity** निम्नवत् हैः–

Sl. No.	Major Head	Quantity
1	Development of 2 Nos. Of Sewage Treatment Plant at Sabujpura Area Near Khagaul and one at exiting Beur STP (Old STP site, Patna) including necessary ancillary infrastructures, UV disinfection, SCADA and online monitoring System	6 MLD
		7 MLD
2	I&D structures for the drains	04 No.
3	Underground drainage Network 250 mm dia	900 m
	Underground drainage Network 350 mm dia	1700 m
	Underground drainage Network 450 mm dia	600 m
4	SPS	03 No.
5	Rising Main 500 dia	2200 m
6	O&M of the project	15 Years

2. फुलवारीशरीफ बिहार राज्य एक प्राचीन शहर है। फुलवारीशरीफ शहर काफी तेजी से विकास कर रहा है। वर्त्तमान में फुलवारीशरीफ शहर में नहर (पटना केनाल), खगौल लॉक से होकर गंगा में Sewage सीधे प्रवाह हो रही है। फुलवारीशरीफ शहर के untreated Sewage को गंगा नदी में प्रवाहित नहीं किये जाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए Interception & Diversion एवं STP का निर्माण किया जाना है। इस योजना अन्तर्गत 4 नालों Khagaul Lock, Railway Culvert, Near Baur Colony Nala, PMC Nala से प्राप्त सिवेज का ट्रीटमेंट किया जाएगा। यह निर्माण वर्ष 2050 तक की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जाना है। फुलवारीशरीफ शहर के सभी आवासीय तथा अन्य प्रतिष्ठानों से निकलने वाले Sewage को नाला के जरिये संबंधित Sewage Treatment Plant तक पहुँचाया जायेगा। ताकि Sewage को STP के माध्यम से ट्रीट किया जा सके। निर्धारित मापदण्ड के अनुसार Sewage को शोधित कर कृषि हेतु उपयोग किया जाएगा।

3. वर्तमान समय में नालों से प्राप्त होने वाले सिवेज को ट्रीट करने का कोई प्रावधान नहीं है। जिसके वजह से नाले से प्राप्त होने वाला पानी सीधे गंगा में प्रवाह हो रहा हैं। नाले से प्राप्त होने वाले सिवेज को साफ करने हेतु Interception & Diversion एवं STP का निर्माण किया जाना है। इस योजना को 18 माह में पूरा किया जाना है। STP के सफल अधिष्ठापन के उपरान्त संवेदक द्वारा अगले 15 वर्षों तक इसका रख–रखाव किया जाना है।

4. फुलवारीशरीफ शहर में नाले से प्राप्त होने वाली गंदे पानी को ट्रीटमेंट करने हेतु 13 MLD क्षमता के STP (6 MLD + 7MLD) एवं Interception & Diversion योजना NMCG भारत सरकार द्वारा शत–प्रतिशत सम्पोषित है। वित्त विभाग के अधिसूचना संख्या–एम–4–26/2013/ 653/वि0 पटना, दिनांक–25.01.2016 के अनुरूप इस योजना की प्राक्कलित राशि रूपये 46.25 करोड़ रूपये (छियालीस करोड़ पचीस लाख रू० मात्र) है, जिसपर सेंटेज की राशि कुल 2.4083 करोड़ रू० (दो करोड़ चालीस लाख तेरासी हजार रू० मात्र) जोड़ने पर कुल लागत राशि रू० 48.6583 करोड़ रूपये (अड़तालीस करोड़ पैंसठ लाख तेरासी हजार रू० मात्र) आती है।

राशि की वर्षवार व्यय विवरणी निम्नलिखित हैः–

राशि करोड़ में।

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	केन्द्रांश (100%)	राज्यांश सेन्टेज राशि	वित्तीय वर्ष में कुल राशि
1	2	3	4	5
1	2019-2020	23.5135	1.3184	24.8319
3	2020-2021 (O&M Cost for 15 Years)	22.7365	1.0899	23.8264
	Total	**46.25**	**2.4083**	**48.6583**

Operation & Maintenance :- इस परियोजना का **O&M** कार्य संवेदक द्वारा 15 वर्षों तक किया जाना है। स्वीकृत योजना के Supervision Cost की राशि BGCMS को देय होगी।

5. यह निर्माण कार्य से संबंधित है। पटना जिला क्षेत्राधीन फुलवारीशरीफ सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 13 MLD (6 MLD + 7 MLD) द्वारा नाले से प्राप्त होने वाले सिवेज को साफ करने हेतु Interception & Diversion एवं STP के माध्यम से निर्धारित मापदंड तक शुद्ध कर कृषि कार्य हेतु उपयोग किया जाना है। शहर के सिवरेज प्रणाली को विकसीत किये जाने से गंगा नदी में होने वाले प्रदूषण में गुणात्मक सुधार होने की संभावना है।

6. उक्त प्रस्ताव पर दिनांक–31.05.2019 को सम्पन्न राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक के मद सं0–20 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

7. अतः भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत 100% अनुमानित लागत कुल रू० 48.6583 करोड़ रूपये (अड़तालिस करोड़ पैंसठ लाख तेरासी हजार रू० मात्र) के व्यय पर फुलवारीशरीफ शहर में Interception & Diversion एवं STP परियोजना के निर्माण हेतु जिसमें केन्द्रांश के रूप में स्वीकृत राशि 46.25 करोड़ रूपये (छियालीस करोड़ पचीस लाख रू० मात्र) पर सहमति तथा इस योजना में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन एजेन्सी को भुगतान हेतु सेंटेज की राशि कुल 2.4083 करोड़ रू० (दो करोड़ चालिस लाख तेरासी हजार रू० मात्र) के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति पर सरकार की सहमति संसूचित की जाती है।

आदेश– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रति सरकार के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष/प्रमण्डलीय आयुक्त, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/ नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, फुलवारीशरीफ/महालेखाकर, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाय।

आदेश से,
चैतन्य प्रसाद,
सरकार के प्रधान सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 720-571+200 **डी0टी0पी0।**
Website: http://egazette.bih.nic.in